

RNI No.: UPHIN/25/A1697
GARVI GUJARAT
# गरवी गुजरात
गरवी गुजरात
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 298
दि. 01.03.2026, रविवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

# पीएम मोदी ने राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान और 17,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अजमेर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आज के दिन को राजस्थान के विकास पथ में बड़ा पड़ाव बताया। प्रधानमंत्री ने सुरसुरा के तेजाजी धाम और मेजर दलपत सिंह की वीरता सहित इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और वीरता की विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी हाइफा को मुक्त कराने में भूमिका को आज भी इजराइल में सम्मानित किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि राजस्थान में 'दो इंजन वाली सरकार' ने तीव्र प्रगति के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। श्री मोदी ने जोर देते हुए कहा, 'सरकार विकास के उन वादों को पूरा कर रही है जो उन्होंने जनता से किए थे, और आज का दिन विकास के इस अभियान को और तेज करने का दिन है।' प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि आज के कार्यक्रम में सड़क, बिजली, जल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, जिनसे राजस्थान के लोगों की सुविधा बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर पैदा होंगे।

श्री मोदी ने आज 21,000 से अधिक नए रंगरूटों को नियुक्ति पत्र सौंपकर राज्य के युवाओं के लिए एक नए युग की शुरूआत का जिक्र किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया और इसे भारत की 'नारी शक्ति' को सशक्त बनाने और माताओं तथा बेटियों के स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री मोदी ने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि जब परिवार में मां बीमार पड़ती है, तो घर बिखर जाता है। मां स्वस्थ रहती है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है। इसी भावना के साथ सरकार ने महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं।'

प्रधानमंत्री ने शौचालयों, सैनिटरी पैड्स और उज्ज्वला गैस योजना के लिए 'मिशन मोड' समाधानों के सफल कार्यान्वयन का उल्लेख करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा के प्रति सरकार के संवेदनशील दृष्टिकोण का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने सुरक्षित मातृत्व योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए बहनों के खातों में 5,000 रुपये जमा किए जाते हैं, जो उपेक्षा की संस्कृति से संवेदनशीलता की संस्कृति की ओर एक कदम है।

बुनियादी ढांचे पर चर्चा करते हुए,




प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़क, रेल और हवाई मार्ग के माध्यम से आधुनिक संपर्क राजस्थान का भविष्य बदल रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे बेहतर यात्रा व्यवस्था अजमेर-पुष्कर जैसे स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, जिससे स्थानीय व्यवसायों, कारीगरों और टैक्सी चालकों को सीधा लाभ मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा, 'दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के आसपास बन रहा बुनियादी ढांचा राजस्थान को वैश्विक निवेश के लिए 'अवसरों की भूमि' बना रहा है।'

भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए, श्री मोदी ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित विश्व के सबसे बड़े एआई शिखर सम्मेलन और इजराइल की अपनी यात्रा का जिक्र किया, जहां भारत की प्रगति और कौशल की सराहना की गई। श्री मोदी ने कहा, 'इसमें दुनिया के कई देशों के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आए; बड़ी कंपनियों के प्रमुख आए; सभी ने खुले मन से भारत की प्रशंसा की।'

पिछले 11 वर्षों में भारत के सशस्त्र बलों की सफलता को रेखांकित करते हुए श्री मोदी ने कहा, 'भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर आतंकवादियों और देश के दुश्मनों पर करारा प्रहार किया है। हमारी सेना हर मोर्चे पर, हर अभियान में विजयी रही है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, उन्होंने अपनी क्षमता साबित की है।'

किसानों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ईआरसीपी परियोजना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नदियों को जोड़ने का अभियान झालावाड़, बारां, कोटा और बूंदी के किसानों को निश्चित और महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में संशोधित 'पार्वती-कालीसिंध-चंबल' और 'यमुना-राजस्थान' लिंक परियोजनाएं शामिल हैं,

प्रधानमंत्री ने सूर्य से समृद्धि अर्जित करने की राजस्थान की क्षमता पर प्रकाश डाला। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत, सरकार छतों पर सौर पैनल लगाने के लिए 78,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। राजस्थान में 1.25 लाख से अधिक परिवार पहले ही इस योजना से जुड़ चुके हैं, जिससे कई परिवारों के बिजली बिल लगभग शून्य हो गए हैं। श्री मोदी ने 'विकसित राजस्थान से विकसित भारत' के मंत्र को दोहराते हुए अपने संबोधन का समापन किया। उन्होंने राज्य के प्रत्येक परिवार के लिए एक समृद्ध जीवन की परिकल्पना प्रस्तुत की।

## पीएम मोदी के 'एमएनसी' वाले बयान पर भड़के अशोक गहलोत, बोले- 'जिनका आजादी में नाखून जितना योगदान नहीं, वो हमें न सिखाएं'

**अजमेर रैली में पीएम मोदी के कांग्रेस को 'MMC' कहे जाने पर सियासी तूफान आ गया है. कांग्रेस ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी खुद को देश से बड़ा समझने की भूल न करें. 'डबल इंजन' अब राजस्थान में 'डबल जीरो' साबित हो रहा है.**

(जीएनएस)।

अजमेर की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस को मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस (MMC) बताने पर अब राजस्थान में राजनीति गरमा गई है. प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार दोपहर इस बयान को प्रधानमंत्री की राजनीतिक हताशा का प्रतीक बताया है. गहलोत का कहना है कि जिस पार्टी का आजादी की लड़ाई में नाखून के बराबर भी योगदान नहीं रहा, वह उस कांग्रेस पर देश बांटने का आरोप लगा रही है



जिसने स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया. यह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि नैतिक दिवालियेपन का प्रमाण भी है.

'खुद को देश से बड़ा समझने की भूल न करें'

गहलोत ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में सीधे प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि आपका विरोध करना देश का विरोध करना नहीं है. सरकारी मंच का इस्तेमाल संकीर्ण राजनीति के लिए करने पर दुख जताते हुए कांग्रेस ने सवाल किया कि क्या पीएम को जनता के मुद्दों में कोई दिलचस्पी नहीं है? राजस्थान की तर्ज पर पूरे देश को 'राइट टू हेल्थ' क्यों नहीं मिल रहा? गिग वर्कर्स और शहरी रोजगार गारंटी जैसे क्रांतिकारी फैसलों पर केंद्र चुप क्यों है? जनता उम्मीद कर रही थी कि पीएम इन जनहित के मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन वहां सिर्फ राजनीति हुई.

'डबल इंजन' बना 'डबल जीरो'

इस दौरान पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) को लेकर भी गहलोत ने घेराबंदी की.

### फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में 5.50 करोड़ से 5 नई सड़कें:मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 8.55 किमी मार्गों का कायाकल्प

फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से पांच नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। राज्य सड़क निधि योजना के



तहत 8.55 किलोमीटर लंबे इन मार्गों के कायाकल्प के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर धनराशि स्वीकृत की गई है।

यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत की गई है। इन सभी सड़क मार्गों का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा।

## 21वीं सदी एआई रिवॉल्यूशन की शताब्दी है, और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सबसे बड़ा सेतु है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (ATMP) फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '20वीं सदी तक दुनिया ने इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन का दौर देखा, जहां फैक्ट्री, मशीन और मास प्रोडक्शन में आगे रहने वाले देशों ने तेज तरक्की की। लेकिन 21वीं सदी एआई रिवॉल्यूशन की शताब्दी है, और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सबसे बड़ा सेतु है।'

उन्होंने कहा कि 'अगर पिछली शताब्दी का रेगुलेटर ऑयल था, तो इस शताब्दी का रेगुलेटर माइक्रोचिप होगी। इसी सोच के साथ भारत ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ने का फैसला किया।' प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कोविड महामारी के कठिन दौर में भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की और चुनौतीपूर्ण समय में भी दूरदृष्टि के साथ मजबूत नींव रखी।




साणंद में कार्यकम में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने उपस्थित लोगों से कहा, '10-11 साल पहले तक भारत में डेटा और चिप की चर्चा बहुत कम होती थी। जब तकनीक की बात आती थी तो अकसर हमारी चर्चा IT सर्विस के आसपास ही रहती थी और आज सॉफ्टवेयर के लिए जाना जाने वाला भारत अब हार्डवेयर के क्षेत्रव में भी अपनी पहचान का सशक्त कर रहा है। आज साणंद में हम नए भविष्य का उदय होते हम देख रहे हैं। आज भारत बहुत तेजी से वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बन रहा है।' उन्होंने कहा, 'विश्व की सबसे बड़ी और सफल अक समिट के बाद आज हम यहां एक और ऐतिहासिक पड़ाव के साक्षी बन रहे हैं। अक समिट ने जहां दुनिया को भारत के अक सामर्थ्य से परिचित कराया वहीं आज का दिन तकनीक में नेतृत्व को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।' वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज यहां उत्पादन शुरू हो रहा है। 900 दिन में आधार से उत्पादन, मोदी है तो मुमकिन है, इस प्लांट में मेमोरी चिप्स बनेगी। सेमीकंडक्टर उद्योग मूलभूत उद्योग है। इसका उपयोग हर चीज में होता है। आज भारत ने सेमीकंडक्टर उद्योग में विश्व के नक्शे पर अपना स्थान बना लिया। इसे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने साणंद में एक पब्लिक रोड शो किया, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री मोदी का उत्साहपूर्ण स्वागत करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

### तेहरान में बड़ा धमाका, ईरान का सर्वोच्च नेता खामेनेई मारा गया! इजराइल ने किया दावा

इजरायली हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर है। द जेरुसलम पोस्ट और रॉयटर्स के अनुसार, वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि तेहरान पर हुए इस हमले में खामेनेई मारे गए और उनका शव मलबे में मिला। हालांकि, ईरान ने इन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खामेनेई के जीवित न होने का संकेत दिया था, सीधे पुष्टि नहीं की।



## एक्स मुस्लिम 'सलीम वास्तिक' मामले में यति नरसिंहानंद गिरि की सीएम योगी को चुनौती, 'मेरा कत्ल करके...'

(जीएनएस)।

यूपी के गाजियाबाद में खुद को पूर्व मुस्लिम बताने वाले सलीम वास्तिक पर उनके घर में जानलेवा हमला किया गया, उन पर हमलावरों ने चाकुओं से कई वार किए हैं. हमले में घायल एक्स मुस्लिम सलीम वास्तिक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं इस घटना के विरोध में गाजियाबाद स्थित डासना मंदिर के महंत और श्री पंच जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सीधी चुनौती दे डाली है.

दरअसल, अज्ञात हमलावरों के हमले में घायल एक्स मुस्लिम सलीम वास्तिक से मिलने के लिए डासना



मंदिर के महंत और श्री पंच जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि जाना चाह रहे थे, लेकिन गाजियाबाद पुलिस ने उन्हें मंदिर में रोक लिया. पुलिस द्वारा रोके जाने से यति नरसिंहानंद गिरि भड़क गए, उन्होंने पुलिस के सामने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नकली हिंदू बताते हुए चुनौती दी है.

'सिर्फ मेरा कत्ल करके रोका जा सकता है'

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में यति नरसिंहानंद गिरि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती देते हुए कह रहे हैं कि, "पुलिस को आज मुझे मारना होगा, मैं सलीम भाई को देखने जाऊंगा."

## विजय देवरकोंडा ने पीएम मोदी के लिखे खत को बताया सबसे प्यारा, साझा कीं शादी से पहले हुई मुलाकात से जुड़ी यादें

(जीएनएस)।

एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने अपनी शादी से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात को याद करते हुए विजय ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं।

अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अब पति-पत्नी बन चुके हैं। हालांकि, अपनी शादी से कुछ दिन पहले ये जोड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शादी का निमंत्रण देने पहुंचा था। अब विजय ने उस पल को याद करते हुए अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें अपलोड करते हुए अपनी भावनाएं साझा कीं।

विजय ने जो तस्वीरें साझा कीं उसमें विजय और रश्मिका, पीएम मोदी के ऑफिस में उनसे मुलाकात करते दिख रहे हैं। कपल यहां पीएम को शादी का निमंत्रण देने और आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। एक तस्वीर में विजय-रश्मिका पीएम को उपहार स्वरूप शॉल देते नजर आ रहे हैं।



अपनी पोस्ट में विजय ने क्या लिखा?

इन तस्वीरों को साझा करते हुए एक्टर ने लिखा, 'कुछ दिन पहले हम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिले। हमने भारत के इतिहास और कहानियों के बारे में बात करते हुए अच्छा समय बिताया और उन्होंने मेरे माता-पिता को एक प्यारा पत्र भी लिखा।' विजय ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया भी किया।

रश्मिका के हाथ में पासपोर्ट पर सबकी नजर

वहीं विजय ने जो तस्वीरें साझा की हैं इसमें से एक तस्वीर में रश्मिका के हाथ में पासपोर्ट नजर आ रहा है। इसे देखकर कई यूजर्स ने सवाल किए हैं कि पीएम मोदी से मुलाकात के वक्त रश्मिका के हाथ में पासपोर्ट क्या कर रहा है?

अब इसका कोई सटीक जवाब तो किसी को नहीं पता पर कुछ यूजर्स ने अनुमान लगाया है कि वो पीएम से मुलाकात करते वक्त पहचान पत्र के तौर पर पासपोर्ट साथ ले गई हों।

जल्द 'रणबाली' में साथ दिखेंगे दोनों

विजय और रश्मिका ने बीते 26 फरवरी को उदयपुर के होटल मोमेंटोस एकाया में तेलुगु-कोडवा रीति-रिवाज से शादी की। कपल ने देर रात शादी की तस्वीरें साझा कीं जो अब तक की इंटरनेट पर सबसे ज्यादा लाइक पाने वाली तस्वीरें बन चुकी हैं।

इसी बीच शनिवार को दोनों की अगली फिल्म 'रणबाली' के मेकर्स ने एक स्पेशल वीडियो भी साझा किया।

## प्रधानमंत्री मोदी रविवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी का दौरा करेंगे, कई अहम परियोजनाओं का उद्घाटन

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री कार्यालय (सेवा तीर्थ) के अनुसार, कल रविवार सुबह लगभग 11:45 बजे, पीएम मोदी पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

इसके पश्चात, वे मदुरै के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर लगभग 3:00 बजे वे 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद, शाम लगभग 4:00 बजे, प्रधानमंत्री मदुरै के तिरुप्पारनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे।

पुडुचेरी में प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी पुडुचेरी में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे।



वह कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिनमें पीएम ई-बस सेवा के तहत ई-बसों का परिचालन, स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन (CITIIS) योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए निर्मित आवास शामिल हैं। इसके साथ ही, वे पुडुचेरी सरकार की सीवरेज और जलापूर्ति क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। क्षेत्र में उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में, वे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कराईकल के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, जेआईपीएमईआर में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के आधुनिकीकरण तथा पांडिचेरी विश्वविद्यालय के नए भवनों व छात्रावासों का भी लोकार्पण करेंगे।

करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे

पीएम मोदी 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसक अलावा पुडुचेरी क्षेत्र के निवासियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने तथा जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न जल आपूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। साथ ही, वे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत 41 ग्रामीण सड़कों के निर्माण, पुडुचेरी में हेरिटेज टाउन (विरासत शहर) के विकास और मिष्टी (मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटैट्स एंड टैंजिबल इनकम) योजना के अंतर्गत मैंग्रोव संरक्षण कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

इसके अतिरिक्त, वे जल आपूर्ति एवं स्वच्छता क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे।

मदुरै में पीएम मोदी विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ाना, आवागमन में सुधार लाना और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देना है। इस अवसर पर वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

इसके अलावा, यहां पीएम मोदी एनएच-332ए के मरक्कनम-पुडुचेरी सेक्शन और एनएच-87 के परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन को फोर-लेन (चार-लेन) बनाने की आधारशिला रखेंगे। मरक्कनम-पुडुचेरी सेक्शन के चार-लेन हो जाने से पुडुचेरी के शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम कम करने में मदद मिलेगी



# सम्पादकीय

## आपरेशन रोरिंग लाइन ईरान पर हावी

सतर्क कूटनीति की जरूरत, अमेरिका ने ईंरान पर एपिक फ्यूरी और इजरायल ने आपरेशन रोरिंग लाइन के तहत हमले करके अपने इरादे को स्पष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो टूक कहा है कि ईंरान पर हमले का उद्देश्य सत्ता परिवर्तन है। उन्होंने ईंरान की जनता को सलाह दी है कि अमेरिकी सेना देश पर हमले करके मौजूदा सरकार पर दबाव बनाए तो इसका फायदा उठाकर वे अपनी सरकार बना लें। राष्ट्रपति ट्रंप ने तो यह भी कह दिया कि अमेरिकी फौज एक बहुत बड़ा और लगातार चलने वाला आपरेशन कर रही है।

दरअसल अमेरिकी फौज ईंरान के परमाणु वेंद्रों, यूरेनियम संवर्धन वेंद्रों और उसके बुनियादी वेंद्रों को पूरी तरह तबाह करना चाहता है ताकि ईंरान परमाणु कार्यव्रम चलाने में पूरी तरह असमर्थ हो जाए। सच तो यह है कि अमेरिका और इजरायल दोनों ही ईंरान की बैलिस्टिक मिसाइल से परेशान हैं। इन दोनों को लगता है कि ईंरान का बैलिस्टिक मिसाइल बेहद खतरनाक है इसलिए उसके परमाणु वेंद्रों को तहस-नहस करके मिट्टी में मिलाना ही उनके हित में हैं।

लगता है अमेरिका और इजरायल द्वारा ईंरान पर हो रहे हमले का बहुत बड़ा कारण यह भी है कि जिस तरह तेहरान आए दिन फारस की खाड़ी और ऊर्जा गलियारे को बाधित करने की धमकी देता रहता है।

अमेरिका और इजरायल मानते हैं कि जल डमरू मध्य और फारस की खाड़ी को पूरी तरह शांत रखा जाना जरूरी हो गया है। अमेरिका चाहता है कि यदि ईंरान की नेवी को तबाह कर दिया जाए तो वह खाड़ी के देशों में तैनात अमेरिकी नेवी पर हमले की धमकी भी नहीं देता। यह सच है कि अमेरिकी नेवी बहुत पहले से कईं खाड़ी के देशों में तैनात हैं। यदि ईंरान ठान ले तो अमेरिकी ठिकानों को निशाना तो बना ही सकता है। अमेरिका ने इसी डर को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए ईंरान के खिलाफ लम्बी अवधि तक युद्ध लड़ने का इरादा व्यक्त किया है। यह सच है कि ईंरान हमेशा अमेरिका को इस बात की धमकी देता रहता है कि वह उसके सैनिकों पर हमला कर देगा, यही ट्रंप के लिए ईंरान के खिलाफ 'पहले हमले' का सबसे बड़ा बहाना मिल गया है। आर्थिक मजबूरियों और भूराजनीतिक परिस्थितियों के कारण ईंरान के लिए खाड़ी में मौजूद अमेरिकी फौजी ठिकानों को निशाना बनाना न तो आसान है और न ही ईंरान तब तक ऐसे हमले करता जब तक कि उसे छेड़ा न जाता किन्तु राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने नागरिकों पर आसन्न खतरे से बचाव के लिए इस हमले को जरूरी बताकर उचित ठहराया है।

वास्तविकता तो यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि ईंरान में सत्ता परिवर्तन होना चाहिए। उन्हें ईंरान में मौलाना राज खत्म करना है, इसके लिए वे हर तरह के हथवंडे अपना रहे हैं। कहने को तो 57 मुस्लिम देश हैं किन्तु वे सभी या तो अमेरिका के खिलाफ वुछ भी बोलने या करने का साहस नहीं रखते या फिर बयानवीर की भूमिका निभाकर चुप्पी साथ लेते हैं। ऐसे वक्त में संयुक्त राष्ट्र की निष्व्रियता बहुत खलती है। स्थाई सदस्यों की वीटो पावर की वजह से पंगु बनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिन उद्देश्यों से बनी है, उसमें पूरी तरह असफल साबित हुई है।

बहरहाल यदि अरब देशों के मध्यस्थता से वुछ बात बन जाए तो अच्छा है, अन्यथा लगता तो यही है कि अब अमेरिका और इजरायल ईंरान की न मात्र परमाणविक महत्वाकांक्षा को दफन करने की तैयारी में है बल्कि ईंरान में राजनीति सत्ता में आमूल चूल परिवर्तन करने की अपनी योजना को पूरा करेंगे। ऐसे में भारत को बहुत ही सतर्वतापूर्वक अपने वूटनीति कदम उठाने होंगे। ईंरान मात्र हमारे लिए एक देश नहीं है बल्कि उसके चाबहार बंदरगाह की वजह से अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक की कनेक्विटी प्राभावित हो सकती है।

# ईरान पर यूएस-इजरायल की एयरस्ट्राइक... पीएम मोदी के दौरे की टाइमिंग पर विपक्ष ने उठाए सवाल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के 48 घंटे बाद ईरान पर हमलों को लेकर भारत में सियासी घमासान तेज हो गया है. कांग्रेस ने पीएम मोदी की यात्रा के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत अपनी पारंपरिक तटस्थ विदेश नीति से भटक गया है.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा समाप्त होने के महज 48 घंटे के भीतर अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक बड़े संयुक्त सैन्य अभियान की शुरूआत कर दी. दोनों देशों ने तेहरान और अन्य ईरानी शहरों पर शनिवार को मिसाइलों और हवाई हमलों की बौछार की. अमेरिका और इजरायल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में 30 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया. इस हमले के टाइमिंग को लेकर भारत की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है.

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान नेसेट (इजरायल की संसद) को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत 'पूरे विश्वास और दृढ़ता के साथ' इजरायल के साथ खड़ा है. पीएम मोदी के इसी बयान और यात्रा के समय को लेकर कांग्रेस ने उन पर तीखा हमला बोला है. कांग्रेस के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने पीएम मोदी की इजरायल यात्रा को 'नैतिक कायरता' का उदाहरण बताया.

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दो दिन बाद ही अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर संयुक्त हमला शुरू कर दिया, जिसकी आशंका पिछले कुछ महीनों से सैन्य तैयारी को देखते हुए थी. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने इजरायल जाकर भारत की तटस्थ विदेश नीति की परंपरा को कमजोर किया है. कांग्रेस ने इन हमलों की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी ईरान के साथ कूटनीति का ढोंग करने का आरोप



लगाया.

कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भी पीएम मोदी के इजरायल दौरे की निंदा की. उन्होंने पर एक पोस्ट में कहा, 'मोदी के मित्र बेंजामिन नेतन्याहू ने अब भारत के पुराने मित्र ईरान पर हमला बोल दिया है. मोदी के इजरायल दौरे से लौटने के महज दो दिन बाद यह घटना घटी है. रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के बारे में इतनी बयानबाजी करने के बाद, मोदी ने अपनी इजरायल यात्रा का इस्तेमाल इजरायल और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया? या इससे भी बुरा, क्या वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं?'

इस बीच, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मिडिल ईस्ट में रह रहे हर भारतीय की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सरकार को तुरंत सक्रिय कदम उठाने चाहिए. फिलहाल भारत सरकार की ओर से किसी भी तरह के इवैक्यूएशन ऑपरेशन की घोषणा नहीं की गई है, जबकि ईरान की जवाबी कार्रवाई में पूरे पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है.

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलिमीन (AIMIM) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा और हमलों के समय पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री का विमान हवा में होता और उसी समय हमला हो जाता तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते थे. ओवैसी ने आरोप लगाया कि इजरायल ने भारत को भरोसे में लिए बिना ईरान पर हमला बोल दिया. उन्होंने कहा कि इससे भारत को कोई लाभ नहीं हो रहा.

वहीं, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया है. बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस को नकारात्मक राजनीति करने वाला दल बताते हुए कहा कि यह एक मजबूत सरकार है, जो देश और नागरिकों के हित में हर जरूरी फैसला लेगी. उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी से संवेदनशील मुद्दों पर बचकानी टिप्पणियां करने से बचने की अपील की. बता दें कि पीएम मोदी 25 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर इजरायल पहुंचे थे. नेसेट में दिए गए अपने भाषण में उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले में मारे गए इजरायली नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की. उन्होंने कहा था कि भारत इजरायल के दर्द को समझता है और उसके साथ मजबूती से खड़ा है.

# पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने निरंतर हो रहे हैं कार्य : सीएम डॉ. यादव

**बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की बड़ी पहल-किशोरियों को मिलेगी निःशुल्क वैक्सीन**

**मध्यप्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 8 लाख किशोरियों को मिलेगा लाभ**

**राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली से वर्चुअली हुए शामिल**

(जीएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। भारत बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है, एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी संकल्प का हिस्सा है। मध्यप्रदेश में बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य






संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत म.प्र. सरकार ने लगभग 8 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए केंद्र से 7 लाख 58 हजार 500 से अधिक वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुके हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को लगाया जाएगा। उन्हें वैक्सीन की केवल एक डोज दी जाएगी। बाजार में लगभग 4 हजार रुपये कीमत वाला यह टीका चिन्हित शासकीय संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, अभियान अगले तीन माह तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान आरंभ करने के लिए प्रदेशवासी उनके आभारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इससे बचाव के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से राज्य में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाने और अभियान को सफल बनाने का आ'ान किया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत 'मिशन मधुहारी' की शुरूआत की जा रही है, जिसके अंतर्गत टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लीनिक संचालित होंगे, जहाँ इंसुलिन जाँच और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा।

**सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्यप्रदेश और स्वस्थ, आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्पः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल**

मध्यप्रदेश में डॉ. कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि "आज का दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिसकी प्रिवेलेंस दर लगभग 1 लाख में 156 है। एचपीवी वैक्सीनेशन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीमारी होने के बाद इलाज करने से बेहतर है कि हम उसे होने ही न दें। यह अभियान प्रिवेंशन केयर की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्यप्रदेश और स्वस्थ, आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में निरोगी काया अभियान, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वस्थ यकृत मिशन सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य कार्यकताओं के समर्पण, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता और नागरिकों की जागरूकता से हम निःसंदेह अभियान के लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की सतत देखभाल और मानकों में सुधार के लिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच अहम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हब एंड स्पोक मॉडल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 85 प्रकार की जांचें उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण हेतु टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श उपलब्ध होगा और अनावश्यक रेफरल में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेशवासियों को हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों।

**प्रदेश के 16 जिलों में मिशन मधुहारी का किया शुभारंभ**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने "मिशन मधुहारी" का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए आदर्श जीवनशैली, संतुलित आहार और समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। यह पहल टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के समग्र उपचार एवं देखभाल के लिए प्रारंभ की गई है। टाइप-1 मधुमेह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण नहीं होता और आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है। मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक विशेष टाइप-1 डायबिटीज क्लिनिक प्रारंभ किए जा रहे हैं, जहां इंसुलिन की सतत उपलब्धता, ब्लड ग्लूकोज जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं नियमित फॉलो-अप की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। इस अवसर पर 5 बेटियों को टी1डी (टाइप-1 डायबिटीज) जांच किट का वितरण भी किया गया। इन किटों में ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि बच्चे समय पर शुगर की जांच कर सकें और बीमारी को नियंत्रित रख सकें। दो संभागों के 16 जिलों में 759 किशोर-किशोरियों को किट निःशुल्क प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास के साथ स्वास्थ्य अमले के हितों को संरक्षित करने और मैनपावर सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चिकित्सकों एवं प्रोफेसरों के एनपीए (नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस) स्वीकृति और सुपरस्पेशियलिटी अस्पतालों में आयुष्मान इंसेंटिव की के शीघ्र भुगतान की व्यवस्था का उल्लेख किया। विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री अशोक बर्नवाल, आयुक्त श्री धनराजू एस, एमडी एनएचएम डॉ सलोनी सिडाना, संचालक आईईसी डॉ रचना दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में टीकाकरण के लिए पात्र किशोरी बालिकाएँ उपस्थित थीं।

**प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे टीकाकरण सत्र**

प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। पात्रता के अंतर्गत वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15वां नहीं मनाया है, साथ ही अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। समस्त जिलों के लगभग 471 स्वास्थ्य केन्द्रों (चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि) पर टीकाकरण किया जायेगा। आगामी 90 दिवसों (मार्च, अप्रैल एवं मई 2025) तक चलाकर, पात्र किशोरियों को लढश वैक्सीन का टीका निःशुल्क लगाया जायेगा। टीकाकरण प्रशिक्षित टीकाकर्मियों एवं मेडिकल ऑफिसर की निगरानी में किया जायेगा। टीकाकरण हेतु सभी पात्र किशोरी बालिकाओं को यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण किया जायेगा। यह प्रक्रिया हितग्राही अपने पहचान-पत्र तथा अभिभावक के मोबाईल नंबर से स्वयं भी पूर्ण कर सकते हैं। प्रदेश में कन्ट्रोल कमाण्ड रूम स्थापित कर, हेल्पलाईन नंबर 104 जारी किया गया है। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र पर अवलोकन में रखा जाएगा। टीकाकरण से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बालिका खाली पेट न हो। संभावित हल्के दुष्प्रभाव जैसे इंजेक्शन स्थल पर दर्द, सिरदर्द या थकान सामान्य हैं और शीघ्र ठीक हो जाते हैं।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री अशोक बर्णवाल, आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अमीफोरिया 2026 का भव्य आयोजन किया गया

लखनऊ,अमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर मे वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अमीफोरिया 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का प्रेरणादायी विषय 'Explore, Experience, Enjoy' रहा, जिसने विद्यार्थियों को नई संभावनाओं की खोज करने, विविध अनुभवों को आत्मसात करने और हर क्षण का आनंद लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रो. (डॉ.) अनिल वशिष्ठ (प्रो-वाइस चांसलर), प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार तिवारी (डिप्टी प्रो-वाइस चांसलर) तथा डॉ. राजीव वर्मा (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके सान्निध्य ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।महोत्सव के उद्घाटन की शुरूआत भव्य परेड से हुई, जिसमें




विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इसके पश्चात स्वर्गीय धर्मेंद्र जी की थीम पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति (स्किट) प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद भारत के विभिन्न राज्यों पर आधारित रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें देश की सांस्कृतिक विविधता, परंपराएँ और लोकधुनों की झलक देखने को मिली।तीन दिवसीय इस महोत्सव में नृत्य, संगीत, नाटक, फैशन शो एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, ऊर्जा और उत्कृष्ट समन्वय का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर उल्लास और उमंग से भर उठा।कार्यक्रम का संचालन छात्र मास्टर ऑफ सेरेमनी दिव्यांश सिंह एवं तान्या सोनी द्वारा अत्यंत प्रभावशाली और ऊजार्वान शैली में किया गया। दोनों ने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत सुचारु एवं आकर्षक ढंग से संचालित करते हुए दर्शकों को निरंतर जोड़े रखा।अमिफोरिया 2026 ने अपनी थीम के अनुरूप विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया, जहाँ उन्होंने खोजा, अनुभव किया और भरपूर आनंद लिया। यह महोत्सव विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समृद्धि, सृजनात्मकता और युवा शक्ति का सशक्त प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# घुंघरुओं की जुबां से जीवंत हुआ अमृता-इमरोज का अमर अनुष्ठान

**विभाजन का दर्द और प्रेम की पराकाष्ठा, मंच पर उतरीं अमृता प्रीतम,**

लखनऊ। साहित्य की शाश्वत आभा और कथक के शास्त्रीय सौंदर्य का एक दुर्लभ समागम गोमती नगर स्थित संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में देखने को मिला। कल्चरल क्वेस्ट संस्था के तत्वावधान में आयोजित नृत्य नाटिका आजाद रूह ने प्रख्यात लेखिका अमृता प्रीतम के अंतर्मन की यात्रा को मंच पर सजीव कर दिया।

कथक गुरु सुरभि सिंह के निर्देशन में सजी इस प्रस्तुति ने अमृता प्रीतम के जीवन-संघर्ष, विभाजन की विभीषिका और उनके अगाध प्रेम को 'लयबद्ध संवाद' प्रदान किया। जब घूँघरुओं की झंकार ने अमृता की प्रसिद्ध रचना अज्ज आखां वारिस शाह नूं के दर्द को छुआ, तो संपूर्ण सभागार एक भावुक मौन में डूब गया। यह मात्र एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि शब्दों और मुद्राओं का एक आत्मीय विलाप और उत्सव था।



इस कलात्मक संध्या के मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक रहे। कार्यक्रम की विशिष्टता तब और बढ़ गई जब संजय मल्होत्रा की कृति 'रांझा मेरा' का लोकार्पण हुआ, जो अमृता और इमरोज के निश्छल प्रेम को समर्पित है। कला और साहित्य के प्रति उनके अवदान को रेखांकित करते हुए, पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, इतिहासकार प्रो. रवि भट्ट और किस्सागो हिमांशु वाजपेयी सहित ११ विभूतियों को 'अमृता प्रीतम सम्मान' से अलंकृत किया गया। यह क्षण साहित्य और रंगमंच के अंतसंबंधों को सुदृढ़ करने वाला रहा।

प्रस्तुति की सफलता में ध्वनि और दृश्य का संतुलन सराहनीय रहा। पं. धर्मनाथ मिश्र के गायन और पं. रविनाथ मिश्र की तबले की थाप ने प्रस्तुति को एक दार्शनिक गहराई प्रदान की। दीपेंद्र कुँवर की बाँसुरी की तानों ने अमृता के एकाकीपन और उनकी सृजनशीलता को स्वर दिए। मंच सज्जा से लेकर प्रकाश व्यवस्था तक, हर पक्ष ने इस नृत्य-नाट्य को एक कालजयी स्वरूप प्रदान किया।

संस्था की सचिव सुरभि सिंह और उनके 25 शिष्यों ने सिद्ध कर दिया कि महान साहित्य कभी पुराना नहीं होता, वह बस नए माध्यमों की प्रतीक्षा करता है। उपस्थित कला-मर्मज्ञों ने कथक के साथ शायरी के इस संलयन को भविष्य की कला के लिए एक मील का पत्थर बताया।

प्रमुख चुनिंदा शब्द जो इस लेख में प्रयुक्त हुए, समागम, मिलन या संगम, तत्वावधान, संरक्षण या देखरेख में विभीषिका, भयानक त्रासदी विभाजन के संदर्भ में अलंकृत सम्मानित करना, अंतसंबंध, आपसी गहरा रिश्ता, कालजयी, जो समय को जीत ले।

# ईरान-इजराइल महाजंग में एस.जयशंकर की एंट्री! दोनों विदेश मंत्रियों से फोन पर क्या की बातचीत?

(जीएनएस)। शनिवार को मिडिल ईस्ट में बड़ा युद्ध छिड़ गया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ी जंग छोड़ दही है, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। दुबई, कतर और बहरीन जैसे सुरक्षित देशों में भी धमाके हुए। इन धमाकों के बाद दुबई एयर पोर्ट सहित कई अंतरराष्ट्रीय उड़ान मार्ग तत्काल बंद कर दिए गए।



मिडिल ईस्टमें ईरान, इजरायल तथा सहयोगी सेनाओं के बीच बढ़ते तनाव पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराक्ची से बात की। जयशंकर ने भारत की "गहरी चिंता" बताते हुए तत्काल संयम बरतने और तनाव कम करने पर जोर दिया। यह बातचीत क्षेत्रीय सैन्य आदान-प्रदान बढ़ने के बीच हुई।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने आधिकारिक बयान में कहा, भारत "ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है।" मंत्रालय ने सभी पक्षों से "संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने" का आग्रह किया।

बयान में आगे कहा गया, "संवाद और कूटनीति से तनाव घटाना तथा अंतर्निहित मुद्दों को हल करना चाहिए। सभी राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है।" यह कूटनीतिक पहुंच मिसाइल हमलों, हवाई क्षेत्र की पाबंदियों और बढ़ी सैन्य लामबंदी के कारण उत्पन्न व्यापक संघर्ष की आशंकाओं के बीच हुई है।

एमईए ने पुष्टि की कि क्षेत्र में भारतीय मिशन नागरिकों के संपर्क में हैं। उन्हें सतर्क रहने, दूतावासों से जुड़े रहने तथा स्थानीय सुरक्षा निदेर्शों का पालन करने की सलाह दी गई है।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR
Rage.Office: TF-01, Nanakram Super Market, Ramnagar, Sabarmati, Ahmedabad - 380 005 Gujarat,India. Phone : (O) 9016333307(M)9328333307,9825333307
Email : garvigujarat2007@gmail.com*garvigujarat2007@yahoo.com*Website : www.garvigujarat.co.in

# आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स का भी बढ़ेगा मानदेय; होली पर यूपी के 18600000 परिवारों को फ्री सिलेंडर, सीएम योगी की घोषणा

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी और आशा कर्मियों को मानदेय बढ़ाने की घोषण की है। होली पर फ्री सिलेंडर राशि जारी करने के दौरान सीएम योगी का बयान आया है।**

लखनऊः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के एक करोड़ 86 लाख परिवारों को होली पर फ्री सिलेंडर की राशि जारी की। इसको लेकर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं और आशा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की योजना की घोषणा की। पिछले दिनों यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों के मानदेय को 10 हजार रुपये मासिक से 18 हजार रुपये करने का ऐलान किया था। आगनबाड़ी और आशा वर्कर्स के मानदेय में वृद्धि की घोषणा को इनके लिए होली का तोहफा करार दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे।

सीएम योगी ने क्या कहा?

सीएम योगी ने कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने एक-एक करके तय



किया है कि आंगनबाड़ी हों, आशा वर्कर हों, इन सभी के मानदेय को भी आने वाले समय में कार्मिक रूप से आगे बढ़या जाएगा। ये लोग समाज में रहकर काम करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जो फेयर प्राइस शॉप हैं, जिनको राशन कोटे की दुकान कहा जाता है, वहां पर लोगों को पहले काफी शिकायतें आती थीं। पहले वहां ई-पॉश मशीन नहीं थी। आज सभी दुकानों पर ई-पॉश मशीन लगाई गई है। अब वहां पर मॉडल शॉप बनाए जा रहे हैं। मॉडल शॉप के लिए भी हमने धनराशि की व्यवस्था की है।

सीएम योगी ने कहा कि मॉडल शॉप पर अब केवल राशन ही नहीं, नशीले पदार्थों को छोड़कर बाकी सभी सामान में बेचे जा सकेंगे। इसके लिए सरकार की ओर से सुविधा दे रहे हैं। कोटा दुकानदारों के कमीशन को भी बढ़ाया जा रहा है। आज गांव में बीसी सखी भी है। गांव की ही बेटी बीसी सखी के रूप में काम कर रही है। विद्युत सखी के रूप में काम कर रही है। सरकार अन्य तमाम प्रकार से कार्य कर रही हैं। अनेक रोजगार की सुविधा वहां उपलब्ध हो रही हैं।

फ्री सिलेंडर के लिए राशि जारी

सीएम योगी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को स्वावलंबन के लिए काम कर रहे हैं। सरकार उसकी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आज एक करोड़ 86 लाख उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए 1500 करोड़ रुपये की राशि फ्री में सिलेंडर रिफिल करने के लिए आज जारी हो रही है। सीएम योगी ने उज्ज्वला लाभुकों को होली की बधाई दी है।

पीएम मोदी का जिक्र

सीएम योगी ने पीएम नरेंद्र मोदी के चार जातियों का जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में पहली बार गरीबों, अन्नदाता किसानों, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर शासन की योजना के साथ जोड़ने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि देश के अंदर केवल चार जातियां हैं।

# 'पहले माफिया शासन चलाते थे', सीएम योगी बोले- आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यूपी आना चाहता है

लखनऊ (जीएनएस)।

यूपी में होली पर 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को सीएम योगी ने सौगात दी है। सभी परिवारों को सिलिंडर रीफिल कराने के लिए सब्सिडी दी गई है।

होली पर उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को यूपी सरकार की तरफ से गैस सिलिंडर रीफिल सब्सिडी दी गई। शनिवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सौगात दी। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 1,500 करोड़ की धनराशि वितरित की गई।

इस मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि होली पर सब गिले शिकवे भुला देते हैं। हमारी मां चूल्हे पर रोटी बनाती थीं। पीएम मोदी का आभार, जो गैस कनेक्शन दिए। कांग्रेस राज में सिफारिश पर सिलिंडर मिलता था। अब केवल जमींदार के घर पर ही गैस नहीं है, बल्कि आमजन के घर पर भी है। पहले कोटेदार के यहां कार्ड रहते थे। अब झोला मिल रहा है। कोटेदार का भी ध्यान रखा गया है। कोरोना काल में तेल दिया गया। कहा कि, लोग भरमाएंगे लेकिन, चक्कर में न आना। यही नहीं अब तीन तलाक नहीं कह सकते हैं। अब बिना जुगाड़ के नौकरी लगती है।

वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले जिसके यहां शौचालय बना होता था, उसे अमीर जिसके यहां नहीं हना होता था, उसे गरीब माना जाता था। इस तरह गरीब और अमीर की पहचान की जाती थी।



लेकिन, अब हर घर में शौचालय बना है। आज आयुष्मान कार्ड से गर गरीब को निशुल्क इलाज मिल रहा है। बलिया से उज्वला योजना की शुरूआत हुई थी। 10 करोड़ से अधिक लोगों को इस योजना का सिलिंडर मिला। अमीरी-गरीबी की खाई पाटने का काम किया। मुख्यमंत्री आवास भी मिल रहा है। विधवा दिव्यांग महिलाओं को भी आवास दे रहे हैं। कहा कि, दो करोड़ महिलाओं को और समूह से जोड़ेंगे। माताएं-बहनें कमल का बटन दबाती हैं। प्रचार की जिम्मेदारी संभालने है। समाजवादी पार्टी के गुंडे पहले परेशान करते थे। वोट न देने वालों की भी सेवा की है।

इस मौके पर सीएम योगी ने सबसे पहले प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी। कहा कि होली पर्व समता का पर्व है, न कोई बड़ा न कोई छोटा। यूपी की डबल इंजन सरकार ने यह योजना 2022 में शुरू की थी। इसी कड़ी में आज 1500 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। लाभार्थी होली के पहले या होली के बाद अपने नजदीकी एजेंसी से भरा हुआ सिलिंडर फ्री में ले सकते हैं। योजना का लाभ सबको देने का एक ही मंत्र है 'सबका साथ सबका विकास'। जिसको कभी सिलिंडर नहीं मिला, उसको मोदी ने दिया।

सीएम ने आगे कहा कि आयुष्मान से पांच लाख तक का कैशलेस इलाज मिलता है। शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मियों को भी इससे जोड़ा गया है। जो सरकार के लिए काम करेगा, सरकार उसके बारे में सोचेगी। पहले माफिया शासन चलाते थे। पर्व के पहले उपद्रव हो जाते थे। कर्फ्यू लग जाता था। 2017 से पहले यूपी को टेढ़ी निगाहों से देखा जाता था। आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यूपी आना चाहता है। 9 सिलिंडर पर पहले से मोदी दे रहे हैं। अब होली पर हम दे रहे हैं।

हमारे लिए पूरा प्रदेश परिवार है- सीएम योगी

उन्होंने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर काम कर रही है। ब्रजेश पाठक ने सर्वाइकल कैंसर से लड़ रही बेटियों के लिए व्यवस्था की। 2100 रुपये का इंजेक्सन अब 300 में मिलेगा। पहले के लोगों के लिए उनका परिवार की प्रदेश था। हमारे लिए पूरा प्रदेश परिवार है। लखपति दीदी का कार्यक्रम हो या सीमार्ट। महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी जो भी प्रोडक्ट बनाएंगी, उसे बाजार मिले, इसके लिए बजट में व्यवस्था की गई है।

सीएम ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाद में एक लाख की मदद दी जाती है। आज सरकार हर बेटी का कन्यादान करने के लिए तैयार है। आज 36 फीसदी महिला कार्य बल है। राशन की दुकानों में पहले ई-पॉश मशीनें नहीं थीं, आज ई-पॉश मशीनों से पारदर्शिता आई है। आज गांव की बेटी गांव में ही वीसी सखी के रूप में काम कर रही हैं। गांव में अनेक रोजगार की सुविधाएं दी जा रही हैं। पर्व उत्साह के होता हैं। इस मौके पर आपसी भेदभाव दूर करने वाले कार्यक्रम होने चाहिए।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय सांस्कृतिक परिषद् के तत्वावधान में 'अंतर्विद्यालयी बाल कवि सम्मेलन' संपन्न, विभिन्न विद्यालयों के बाल कवियों ने बिखेरी काव्य छटा

(जीएनएस)।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सर्वोदय नगर, भारद्वाजपुरम,प्रयागराज में आज एक भव्य 'अंतर्विद्यालयी बाल कवि सम्मेलन' (काव्य प्रस्तुति प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली प्रतियोगिता में न केवल मेजबान विद्यालय, बल्कि जनपद के अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों (माधव ज्ञान केंद्र, ज्वाला देवी सिविल लाइन, ज्वाला देवी गंगापुरी,रानी रेवती देवी राजपुर, स्वामी विवेकानंद आदि) के भैया-बहनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी काव्य प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री अनिल बाबू जायसवाल जी, दुर्गेश दुबे जी ,सतीश कुमार गुप्त जीऔर प्रधानाचार्य जी द्वारा दीप प्रज्वलन और माँ शारदे की वंदना के साथ हुआ। अन्य विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने अपनी स्वरचित एवं प्रसिद्ध कवियों की रचनाओं से सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहाँ वीर रस की कविताओं ने दर्शकों में जोश भर दिया, वहीं हास्य और व्यंग्य की प्रस्तुतियों पर पूरा




सभागार ठहाकों से गूंज उठा। राष्ट्र-भक्ति, नारी शक्ति और पर्यावरण जैसे गंभीर विषयों पर भी छात्र-छात्राओं ने अपनी संवेदनशीलता और परिपक्वता का परिचय दिया। अन्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भी इस मंच की सराहना करते हुए इसे छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए एक सशक्त माध्यम बताया।

निर्णायक मंडल में आमंत्रित प्रसिद्ध कवियों ( क्षमा द्विवेदी , के . पी गिरी, आलोक वर्मा, योगेश ओझा, डॉ राम लखन शुक्ल, संजय पुरुषार्थी, शम्भूनाथ त्रिपाठी "अंशुल" ) ने प्रतिभागियों के शुद्ध उच्चारण, शब्द चयन, भाव-भंगिमा और मंच-प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। इस प्रतिस्पर्धा में, विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र , उपहार एवं आरती संग्रह पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में , विजयी भैया- बहन

तृतीय स्थान नियति पटेल(माधव ज्ञान केंद्र ),द्वितीय स्थान रिद्धिमा शर्मा (ज्वाला देवी गंगापुरी ),प्रथम स्थान प्रेरणा पांडेय( स्वामी विवेकानंद ) ने प्राप्त किया।

एवं अर्पिता शुक्ला, सौम्या गुप्ता, अक्षरा रावत,निशांत सिंह, अभिषेक गिरी, शिवांजल यादव, मीनाक्षी मिश्रा ,साक्षीतिवारी, शिवांश तिवारी, रुद्रांश ओझा एवं सत्यम यादव ने संत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने सभी अतिथि विद्यालयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "इस प्रकार के अंतर-विद्यालयी आयोजनों से छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है और उन्हें एक-दूसरे की प्रतिभा से सीखने का अवसर मिलता है।"कार्यक्रम का संचालन सतीश कुमार गुप्त ने किया।

शांति मंत्र और राष्ट्रगान के साथ इस सफल साहित्यिक समागम का समापन हुआ ।

# एसपी निर्देश पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम और होली से पूर्व भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी संग सघन गश्त, शांति के लिए कड़े दिशा-निर्देश

(जीएनएस)।

पीलीभीत, जनपद पुलिस अधीक्षक महोदय के सख्त निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने आज उपजिलाधिकारी पूरनपुर एवं क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के साथ नशा उन्मूलन अभियान के तहत थाना हजारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेल्हा और टाटरगंज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा एवं महिलाओं ने भाग लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि नशा परिवारों को बर्बाद कर रहा है तथा समाज की नींव को कमजोर कर रहा है। ग्रामीणों को नशा छुड़ाने हेतु जागरूक रहने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने तथा नशामुक्त गांव बनाने के संकल्प के लिए प्रेरित किया। युवाओं को खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों में संलग्न रहने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति शपथ भी दिलाई गई।तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में उपजिलाधिकारी पूरनपुर, क्षेत्राधिकारी पूरनपुर, प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) पीलीभीत, थाना हजारा की पुलिस टीम एवं एसएसबी बल के साथ संयुक्त गश्त अभियान चलाया। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत सीमा पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अवैध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए। संभावित तस्करी, शराब माफिया एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा होली के दौरान पटाखों, जुआ एवं अन्य अपराधों पर पूर्ण पाबंदी लगाने के लिए कहा गया।अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी





अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में गहन निगरानी पर बल दिया। इस अभियान से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है तथा होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की उम्मीद है।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस आयोजित कर शिकायतों का लिया जायजा





**होली पर शांति समिति बैठक में भाईचारे की अपील**

(जीएनएस)।

पीलीभीत, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक ने आज थाना कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों की बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राजस्व मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर निष्पक्ष जांच करने को कहा गया।इसके बाद थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों व धर्मगुरुओं के साथ होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने, नई परंपराएं न अपनाने, होलिका दहन पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही करने और डीजे संचालकों को शासन मानकों के अनुरूप ध्वनि सीमा में चलाने की अपील की गई।जनपदीय पुलिस व प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और संदिग्ध सूचना तत्काल पुलिस को बताने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुवेर्दी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# परमिट की आड़ में गझाड़ा में सैकड़ों पेड़ काटे, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान खोखला साबित

(जीएनएस)।

पीलीभीत। जनपद के थाना दियोरिया अंतर्गत ग्राम गझाड़ा में परमिट के बहाने सैकड़ों पेड़ों की बेरहमी से कटाई कर दी गई। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान खोखला दिखावा बनकर रह गया है। जिले में पेड़ कटाई का सिलसिला बरकरार है, जिसमें वन विभाग की मिलीभगत या अनदेखी स्पष्ट नजर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, कटाई के बाद जेसीबी से जड़ें खोदकर तुरंत मिट्टी से ढकवा ली जाती हैं, जो लोगों की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। ऐसे अपराधियों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई जरूरी है।ग्रामीणों ने बताया कि गझाड़ा क्षेत्र में हाल ही में बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए। आरोपी परमिट दिखाकर यह कारनामा कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में पर्यावरण का विनाश हो रहा है। कटाई के बाद सबूत मिटाने के लिए जेसीबी मशीनों का सहारा लिया जा रहा है। जिले भर में ऐसी घटनाएं आम हो चुकी हैं, जहां विकास के नाम पर वन संपदा नष्ट की जा रही है। स्थानीय



लोग 'एक पेड़ मां के नाम' योजना पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि रोपण के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।खबर लिखने तक विभागीय लापरवाही भी सामने आई। जब स्थानीय रेंजर से फोन पर जानकारी ली गई, तो उन्होंने टालते हुए कहा, "ऐसा तो नहीं पता, देखकर बताएंगे।" विभागीय अधिकारियों को ही घटना की जानकारी न होने से पेड़ कटाई की घटनाएं आम हो गई हैं। खबर तैयार होने तक रेंजर की ओर से कोई अपडेट नहीं मिला, जो वन विभाग की निष्क्रियता को उजागर करता है।वन संरक्षण कानून के तहत ऐसी कटाई पर कड़ी सजा का प्रावधान है, लेकिन जमीनी अमल नदारद है। ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने डीएफओ व प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। यदि ऐसी अनदेखी जारी रही तो पीलीभीत का पारिस्थितिक संतुलन खतरे में पड़ जाएगा।

# उन्नाव के बांगरमऊ विकासखंड क्षेत्र के खैरूद्दीनपुर गांव में समाजसेवी अंजेश कुमार राजपूत ने होली के शुभ अवसर पर ग्रामीणों को सामग्री करी वितरित

(जीएनएस)।

उन्नाव। उन्नाव के बांगरमऊ विकासखंड क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में समाजसेवी अंजेश कुमार राजपूत ने होली पर्व के अवसर पर ग्रामीणों को सामग्री वितरित की। उनके इस कार्य की स्थानीय लोगों द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है। ग्राम पंचायत खैरुद्दीनपुर के तीन मजरों सेतुवाही, अलौलापुर और ठाकुरियापुर में लगभग 5000 की आबादी निवास करती है। अंजेश कुमार राजपूत ने दरियादिली दिखाते हुए करीब चार ट्राली सामग्री घर-घर जाकर पहुंचाई। इस पहल के बाद विधानसभा राजनीति में हलचल तेज हो गई है, हालांकि राजपूत ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल अपने गांव के हित के लिए काम करना है समाजसेवी अंजेश



कुमार राजपूत ने इस अवसर पर कहा कि सक्षम वर्ग के लोगों को आगे आकर गरीबों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दूसरों की मदद करने से जो सुकून मिलता है उसका आनंद ही अलग होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी इस पहल से अन्य लोग भी प्रेरित होकर समाज सेवा के लिए आगे आएंगे। राजपूत ने सेतुवाही गांव की एक प्रमुख समस्या पर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के सामने 10 फुट गहरा गड्ढा खोद दिया गया है जिसमें गंदा पानी जमा हो रहा है। इससे मासूम बच्चों के बीमार होने का खतरा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का समाधान करने की मांग की ताकि ग्रामीण बीमारियों से बच सकें। इस दौरान चुन्नीलाल, पुष्पा, कुंजीलाल, रामोतार, अर्जुन और रामकुमार सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि अंजेश कुमार राजपूत द्वारा किए गए इस नेक कार्य से आमजन को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि राजपूत हर पर्व पर मसीहा बनकर उनके साथ खड़े रहते हैं। इस अवसर पर रामनाथ, बिहारीलाल, तुलसीराम, राजकुमार, नरेश, नरेंद्र, सुरेश, विजय पाल, विशंभर, कन्हैयालाल, राजेश, अमित शुक्ला, विमलेश, संतोष, पवन, रामगोपाल, चेतराम, श्यामलाल, बेचेलाल, गंगाचरण और तिलोकी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यह शुभ अवसर मंगलवार दोपहर एक बजे का है।

# युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार, बोला- 'आत्मरक्षा के लिए रखा था'

(जीएनएस)।

पीलीभीत। अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने के अभियान में घुंघचाई थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। देर रात चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचे व कारतूस के साथ धर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने हथियार अपनी सुरक्षा के लिए रखने का दावा किया।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घुंघचाई पुलिस गश्त व वाहन चेकिंग में जुटी थी। 27 फरवरी रात करीब 11:55 बजे मुखबिर की सूचना पर बलरामपुर-पून्नापुर मार्ग पर



घेराबंदी की गई। संदिग्ध निशान सिंह (38), पूरनपुर थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी हरभजन सिंह का पुत्र, को पकड़ा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 12 बोर का अवैध तमंचा व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए।आरोपी के पास हथियार का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# कनाडाई पीएम 4 दिन के दौरे पर भारत पहुंचे:निवेश-ट्रेड डील पर फोकस; कनाडाई अफसर बोले- कनाडा में अपराधों से भारत का लेना-देना नहीं



नई दिल्ली/ओटावा (जीएनएस)।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी आज 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी।

कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है।

सीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने कहा कि अगर कनाडा को लगता कि भारत उसकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा है, तो प्रधानमंत्री भारत की यात्रा नहीं करते।

दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में पिछले साल ॠ20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मुलाकात हुई थी।

दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में पिछले साल ॠ20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मुलाकात हुई थी।

2 मार्च को नई दिल्ली में मोदी से मिलेंगे कार्नी

कार्नी 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे और 2 मार्च को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसका मुख्य एजेंडा में कंप्रीहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (उएढअ) की वाताओं को शुरू करना शामिल है, जो लंबे समय से रुकी हुई है।

इसके अलावा, सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने

# बाराबंकी में मत्स्य पालकों को 'मीन महोत्सव'



(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। उप कृषि निदेशक पलहरी फार्म बाराबंकी में मत्स्य पालकों को "मीन महोत्सव 2026" के दौरान उन्नत तकनीकों के बारे में ऑनलाइन सजीव प्रसारण कार्यक्रम में 77 मत्स्य पालकों ने ऑनलाइन जुड़कर कैट फिशझींगा पालन और केज कल्चर जैसी आधुनिक विधियों को सीखा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालको की आय बढ़ाना है।

बताते चले कि मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में चल रहे दो दिवसीय मे केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन पशुपालन डेयरी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल , उत्तर प्रदेश मत्स्य पालन मंत्री डॉ संजय निषाद उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ आईएएस एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, के वी राजू अपर मुख्य सचिव मत्स्य मुकेश कुमार विश्राम महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के प्रगतिशील मत्स्य पालक तथा अन्य गण मान्य व्यक्तियों द्वारा मत्स्य पालन के विषय में आवश्यक जानकारी देते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं में बजट आवंटन हेतु अवगत कराते हुए मत्स्य पालन के साथ-साथ पर्ल कल्चर को योजना में सम्मिलित करते हुए उसके विषय में जानकारी दी तथा मीन महोत्सव 2026 लखनऊ में जनपद बाराबंकी के लगभग मत्स्य पालकों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया। जनपद स्तर पर 77 मत्स्य पालकों को उप कृषि निदेशक पलहरी फॉर्म सभा कक्ष बाराबंकी में मीन महोत्सव 2026 लखनऊ का सजीव प्रसारण के माध्यम से अवलोकन कराकर मत्स्य पालन संबंधी जानकारी दिलाई गई जिसमें अच्छे लाल निषाद जिला मत्स्य अधिकारी विवेक निगम मत्स्य निरीक्षक तथा महेश लाल कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

# मनपुरा में भाकियू भानू के नेतृत्व में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़




(जीएनएस)।

पीलीभीत, बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मनपुरा में भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच कराई तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया।शिविर में ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण कुछ समय के लिए दवाइयों की कमी हो गई। इस पर भाकियू भानू के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दूरभाष पर सूचना दी, जिसके बाद तुरंत अतिरिक्त दवाइयों की व्यवस्था कर शिविर में उपलब्ध कराया गया। इससे मरीजों को बिना किसी असुविधा के उपचार मिल सका।स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. श्रृंखला मिश्रा आरबीएसके एमओ, प्रभात गंगवार सीएचओ, सचिन कुमार वर्मा एलटी, शिवराम ऑप्टो, सुमन देवी एडब्ल्यूडब्ल्यू, रीना देवी आशा, पूनम देवी सहायिका, मायादेवी सहायिका, पूजा कार्यकत्री, पुष्पा आशा, रोजी देवी, साधना देवी एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई। जबकि एएनएम साधना देवी का कार्य सराहनीय रहा।स्वास्थ्य शिविर में भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इनमें धर्मेंद्र कुमार गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, महेंद्र पाल गंगवार पूर्व सैनिक, तहसील अध्यक्ष बीसलपुर, दीनदयाल शास्त्री तहसील मीडिया प्रभारी/पत्रकार संघ तहसील अध्यक्ष बीसलपुर, राकेश प्रताप यादव ब्लॉक अध्यक्ष बिलसंडा, गया प्रसाद राजपूत वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष, अनिल शर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष, लक्ष्मी कांत मौर्य ग्राम अध्यक्ष बेहटा, टीकाराम ब्लॉक अध्यक्ष बरखेड़ा, नन्हेलाल, कामिता प्रसाद, माखन लाल, नन्दराम, फूलसिंह, स्वामीदयाल, राजपाल, गोपाल, सर्वेश, अरविंद, श्रीकृष्ण, दन्नेबख्श, रामसागर, इस्तियाक, मुन्नीदेवी, अनिता देवी नन्हेलाल, टीकाराम, तारावती,मोरकुमारी, रामचंद्र, भगवान दास, कढ़ेराम,आले मोहम्मद, बीडीसी रहीसुद्दीन, तस्लीम, छोटे, गुड्डू, रिहासुद्दीन,वरुण कुमार नितिन त्रिवेदी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।ग्रामीणों ने चिकित्सा शिविर की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया। उनका कहना था कि गांव स्तर पर इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने से समय और धन दोनों की बचत होती है तथा समय पर उपचार मिल पाता है।आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा सके।

# गोमती नगर जोन में वर्टिकल व्यवस्था पर नए सवाल

**निवेश मित्र पोर्टल से लेकर टेक्निकल कार्यों तक, आरोपों की नई परत**

(जीएनएस)।

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा राजधानी में लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था के बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के गोमती नगर जोन से एक बार फिर चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। पूरा मामला फिलहाल सूत्रों के हवाले से है लेकिन आरोपों की गंभीरता ने महकमे में हलचल तेज कर दी है। यूपीपीसीएल मीडिया ने दिनांक 19 फरवरी 2026 को सूत्रों के हवाले से खुलासा किया था कि गोमती नगर जोन में अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य) की कथित मौन सहमति से अधिशासी अभियंता (कलेक्शन) द्वारा तकनीकी प्रकृति के कार्य कराए जा रहे हैं। आरोपों के अनुसार लोड एक्सटेंशन, लोड आवंटन और लाइन ऊर्जीकृत कराने जैसे कार्य जो स्पष्ट रूप से टेक्निकल विंग के दायरे में आते हैं कलेक्शन स्तर से संचालित कराए जा रहे थे खबर के प्रकाशन के बाद मामला और तूल पकड़ लिया। आरोप है कि




अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य) गोमती नगर, श्रीमती प्रेमलता सिंह ने खबर चलाने वाले पत्रकार पर 'गलत खबर' प्रसारित करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा दायर करने की धमकी तक दे डाली। 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' की तर्ज पर उठे इस विवाद ने विभागीय पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है इसी बीच एक और गंभीर आरोप सामने आया है।

सूत्रों के अनुसार, वाणिज्य अधीक्षण अभियंता होते हुए भी टेक्निकल कार्यों में हस्तक्षेप के साथ-साथ अब निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से कथित 'धन उगाही' का मामला भी प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को डीलिंग के नाम पर रोका जाता है। यदि 'डील' हो जाती है तो पोर्टल पर अपलोड कर आगे बढ़ा दिया जाता है अन्यथा आवेदन लंबित रखकर 'बियॉन्ड' होने तक रोके जाने की बात कही* जा रही है। इसके बाद ही लाइन निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। वर्टिकल व्यवस्था के तहत हुए सभी निवेश मित्र कनेक्शनों की यदि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करा ली जाए तो पूरी सच्चाई सामने आने का दावा भी सूत्र कर रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष द्वारा प्रारंभिक स्तर पर मामले का संज्ञान लिए जाने के बाद अब इन नए आरोपों ने प्रशासनिक हलकों में असहजता बढ़ा दी है। हालांकि अभी तक इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यूपीपीसीएल मीडिया इस पूरे प्रकरण की गहन पड़ताल कर रहा है और जांच रिपोर्ट सामने आते ही तथ्य सार्वजनिक किए जाएंगे। यदि आरोपों में तथ्य सिद्ध होते हैं, तो यह न केवल वर्टिकल व्यवस्था के क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्न खड़ा करेगा, बल्कि विभागीय जवाबदेही और पारदर्शिता पर भी व्यापक पुनर्विचार की मांग करेगा। फिलहाल मामला जांच के अधीन है लेकिन गोमती नगर जोन में उठे सवाल बिजली महकमे की साख पर सीधा असर डाल रहे हैं।

# महिला दिवस से पहले छात्राओं को सीएम योगी ने दिया तोहफा, यूपी के 42 जिलों में सरकारी स्कूलों की बदल जाएगी तस्वीर



लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आठ मार्च) से पहले सरकारी विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति बेहतर होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर समेत 42 जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के आदेश दिए हैं। शनिवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इसके लिए तेजी से काम करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार का जोर छात्राओं के लिए अलग और सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। आठ मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए। केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्वच्छता, नियमित सफाई, जल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था आदि भी सुनिश्चित की जाए।

**अपलोड करना होगा फोटो**

शौचालयों की वास्तविक स्थिति की मानिटरिंग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से फोटो अपलोड करना होगा। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी। इससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मानिटरिंग संभव होगी।

# शिक्षा के उन्नयन में ग्राम प्रधानों एवं एसएमसी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका

(जीएनएस)।

मसौली, बाराबंकी। शिक्षा के उन्नयन में ग्राम प्रधानों एवं एसएमसी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योकि समाज तभी विकसित होगा जब हमारा गांव हमारा ब्लाक हमारा जिला एव देश विकसित होगा जिसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वँचित न रहे क्योकि विकास शिक्षा का दर्पण है।

उक्त विचार शनिवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र बड़ागांव मसौली मे खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार के संयोजन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं स्थानीय निकाय प्राधिकारी का उन्मुखीकरण संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कही उन्होंने कहा पूर्व में सरकार की तरफ से बच्चों को जूते मोजे इत्यादि सामग्री मिलती थीं। लेकिन अब डीबीटी के माध्यम से सरकार द्वारा बच्चों के अभिभावकों के खाते में सीधे धनराशि भेजी जा रही है ।जनप्रतिनिधियों का दायित्त्व है कि अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों को यूनिफॉर्म खरीदवाने का कार्य करें। इससे पूर्व खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा




अधिकारी जैनेंद्र कुमार प्रभारी सहायक विकास अधिकारी(पं.) संजीव कुमार सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र का माल्यार्पण एव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव की छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत तथा प्राथमिक विद्यालय गुरेला के बच्चों द्वारा शिक्षा का महत्व पर लघु नाटिका की प्रस्तुति की गयी।

प्रभारी एडीओ पंचायत संजीव कुमार सिंह द्वारा ब्लॉक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ ही विद्यालय से जुड़े हुए कार्यों को प्राथमिकता के स्तर पर पूरा करने, विद्यालय का सौंदर्याकरण करने भौतिक सुविधाओं में वृद्धि करने तथा पठन पाठन के माहौल में अपेक्षाकृत सुधार लाने पर बल दिया गया।

संगोष्ठी के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने शिक्षा क्षेत्र मसौली में शिक्षकों द्वारा मिशन निपुण भारत के अंतर्गत किए जा रहे शैक्षिक उन्नयन एवं नवाचार की प्रशंसा की गई तथा आगामी समय में जल्द से जल्द ही ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने की बात कही ।उन्होंने डीबीटी के माध्यम से विद्यर्थियों को 1200 की धनराशि यूनिफॉर्म, जूता मोजा, बैग,स्टेशनरी हेतु दिए जाने पर चर्चा की गई ।

प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम में एस आर जी अवधेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ एआरपी आदित्य कुमार वर्मा, उमेश कुमार वर्मा,आशीष कुमार शुक्ल व राजेश कुमार यादव सहित ग्राम प्रधानों एव शिक्षकों ने अपने विचार रखे। मसौली के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसआरजी अवधेश पांडेय, एआरपी आदित्य वर्मा, उमेश कुमार वर्मा, राजेश यादव, आशीष शुक्ल,शिक्षक राजीव श्रीवास्तव, सुमन देवी, आभा राय, अनुपमा शुक्ला, नरेंद्र कुमार, रिंकी सिंह,महादेवी वर्मा, गरिमा मिश्र, मंजू श्री, उमेश कुमार वर्मा गुणवत्ता समन्वयक विनोद वर्मा

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने थाना वजीरगंज का किया वार्षिक निरीक्षण










बदायूं/वजीरगंज थाना परिसर में अभिलेखों, शस्त्रागार और मालखाने का लिया जायजा।मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं का बालिकाओं में लगातार जागरूकता लाने हेतु महिला स्टाफ को शुभकामनाओ के साथ बधाई दी लंबित विवेचनाओं और अपराध रजिस्टर की गहन समीक्षा की गई।

साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया।

पुलिस कर्मियों को बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

आगामी त्यौहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर की गई चर्चा।

संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती के निर्देश।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर पहुंचे क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से आपसी भाईचारा व शांति बनाए रखने की अपील भी की।अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।इस मौके पर थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह के अलावा थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# 13.3 लाख मीट्रिक टन हुआ उत्तर प्रदेश का वार्षिक मत्स्य उत्पादन

**केंद्रीय मंत्री व प्रदेश के मत्स्य मंत्री ने किया दो दिवसीय उप्र मीन महोत्सव एवं एक्वा एक्सपो का शुभारम्भ**

**उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहा मीन महोत्सव**

**प्रदेश में मत्स्य विकास दर 115.5 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में एनएफडीबी सेंटर खोलने की दिशा पर भी किया जाएगा कार्य**

**एक्सपो में 50 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा लगाई गई औद्योगिक प्रदर्शनी एवं स्टॉल**

(जीएनएस)।

लखनऊ। 27 फरवरी को उत्तर प्रदेश में पहली बार मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो-2026) का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी और पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने इसका शुभारम्भ किया। इसमें देश-प्रदेश के 1000 मत्स्य पालक उपस्थित रहे, जबकि 50 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा औ¨ द्योगिक प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाये गये। विभिन्न प्रकार के मत्स्य व्यंजनों के लिए फिश फूड कोर्ट एवं प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। महोत्सव में बताया गया कि मत्स्य पालन में उत्तर प्रदेश भारत में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। राज्य का वार्षिक मत्स्य उत्पादन गत 06 वर्षों में दोगुना होकर 13.3 लाख मीट्रिक टन हुआ है। केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने कहा कि किसानों की आय में वृ¨ द्धि, उन्नत पशुपालन एवं उन्नत मत्स्य पालन से ही सम्भव है। उन्होंने कृषि दर पर मत्स्य पालकों को बिजली की आपूर्ति एवं उ.प्र. में एन.एफ.डी.बी के सेन्टर खोलने की दिशा में कार्य करने को भी कहा। प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बताया कि राज्य में मत्स्य विकास दर 115.5 प्रतिशत है। उन्होंने अमृत सरोवरों को मछली पालन योग्य बनाने, तालाबों के पट्टे समय से दिलाने, मत्स्य पालन में विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने अनुदान के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान देकर मत्स्य पालकों के विकास एवं सशक्तीकरण पर जोर दिया। अपर मुख्य सचिव मत्स्य मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में 6 लाख से अधिक जलक्षेत्र उपलब्ध हैं। मत्स्य पालक, विशेषज्ञ, उद्यमी एवं निवेशक एक साथ चर्चा कर प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन के माध्यम से मत्स्य उत्पादन, उत्पादकता एवं किसानों की आय में वृद्धि कर सकते हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान विश्ववि¨ द्यालय एवं गो-अनुसन्धान संस्थान (दुवासु) मथुरा में मत्स्य विज्ञान पर शोध कार्य प्रारम्भ हो गया है। महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. ने कहा कि मत्स्य पालन ग्रामीण आजीविका का मुख्य साधन है। मत्स्य पालन में उत्तर प्रदेश भारत में तीसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक राज्य है। राज्य का वार्षिक मत्स्य उत्पादन गत 06 वर्षों में दोगुना होकर 13.3 लाख मीट्रिक टन हुआ है। विजन-2047 में उ.प्र. अंतदेर्शीय मत्स्य पालन में प्रथम राज्य बन



जायेगा। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में मत्स्य विभाग के लिए बड़े उपहार की सौगात दी गयी है। मत्स्य पालन से जुड़े किसानों की आय वृ¨ द्धि हेतु कुल 114.20 करोड़ की राशि राज्य सहायतित नई मांग के रूप में स्वीकृत की गयी है। इसके तहत राज्य में इंटीग्रेटेड एक्वापार्क की स्थापना एवं 03 मत्स्य मण्डी स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया गया है। राज्य में मोती की खेती को बढ़ावा देने के लिए 03 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया है। जनपद गोरखपुर में वर्ल्डफिश प्रोजेक्ट सेन्टर की स्थापना हेतु 06 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया है। यह महोत्सव राज्य में मत्स्य पालन को औ¨ द्योगिक स्तर पर विकसित होने में मदद करेगा और आने वाले समय में किसानों की आय की बढ़ोतरी में मददगार होगा। डॉ. दीपा सुमन, एन.एफ.डी.बी. ¨ द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, प्रधानमंत्री किसान समृ¨ द्धि योजना तथा फिशरीज एवं एक्वाकल्चर डेवलपमेन्ट फन्ड की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर आलोक बिसवाल (डेलॉयट) द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने में मत्स्य की भूमिका के विषय में प्रस्तुतिकरण किया गया। रजनीश कुमार (एक्वाएक्स) द्वारा मत्स्य विकास की सम्भावनाओं पर प्रस्तुतिकरण किया गया तथा प्रोटीन की उपलब्धता एवं रोजगार सृजन में मत्स्य क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तकनीकी सत्र के प्रथम दिन डा. संजय श्रीवास्तव (मेधा हैचरी महराजगंज) द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन, राजीव रंजन सिंह (आर.एन.आर. एक्वा लखनऊ) द्वारा कैट फिश फार्मिंग, मनोज शर्मा द्वारा झींगा पालन, मनीष वर्मा द्वारा केज कल्चर, श्री शुभम सिंह द्वारा आनार्मेन्टल फिश फार्मिंग पर प्रेजेन्टेशन दिया गया।

इस दौरान उ.प्र. मत्स्य विकास निगम के अध्यक्ष रमाकान्त निषाद, उ.प्र. मत्स्य जीवी सहकारी संघ के सभापति वीरू साहनी, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार के.वी. राजू, सलाहकार जी.एन. सिंह, विशेष सचिव मत्स्य सुनील कुमार वर्मा, निदेशक मत्स्य एन.एस. रहमानी, संयुक्त निदेशक मत्स्य अनिल कुमार, प्रबन्ध निदेशक एक्वाएक्स समीर पात्रा, अध्यक्ष एक्वाएक्स वीनू दन्तूलूरी समेत देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, उ¨ द्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक सम्मिलित हुए।